**Q.1) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. अनुच्छेद 24 किसी भी कारखाने, खदान या अन्य खतरनाक गतिविधियों में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है।
2. राज्य धार्मिक अभ्यास से जुड़ी किसी भी धर्मनिरपेक्ष गतिविधि को विनियमित कर सकता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.1) Solution (a)

अनुच्छेद 24 किसी भी कारखाने, खदान या अन्य खतरनाक गतिविधियों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

अनुच्छेद 25 (2) के अनुसार, राज्य धार्मिक प्रथा से जुड़ी किसी भी धर्मनिरपेक्ष गतिविधि को विनियमित कर सकता है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.2) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. राज्य कोष से सहायता प्राप्त करने वाले किसी भी शैक्षणिक संस्थान में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा।
2. राज्य द्वारा प्रशासित किसी भी शैक्षणिक संस्थान में कोई धार्मिक निर्देश प्रदान नहीं किया जाएगा, यहाँ तक कि जब यह धार्मिक शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता वाले किसी भी ट्रस्ट के तहत स्थापित हो।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.2) Solution (d)

राज्य कोष से पूर्णत: बनाए गए किसी भी शैक्षिक संस्थान में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा।

राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त या राज्य कोष से सहायता प्राप्त करने वाले किसी भी शैक्षणिक संस्थान में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति को उसकी सहमति के बिना उस संस्था में किसी भी धार्मिक निर्देश या पूजा में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

अनुच्छेद 28 के तहत, राज्य कोष से पूर्णत: बनाए गए किसी भी शैक्षणिक संस्थान में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा। हालांकि, यह प्रावधान राज्य द्वारा प्रशासित उन शैक्षणिक संस्थान पर लागू नहीं होगा, जो किसी भी विन्यास या ट्रस्ट के तहत स्थापित किए गए हैं, इस तरह के संस्थान में धार्मिक शिक्षा प्रदान करने की अनुमति होगी।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.3) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. किसी भी नागरिक को निवास स्थान के आधार पर राज्य निधियों से सहायता प्राप्त करने वाले किसी भी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा।
2. सार्वजानिक हित में दो या दो से अधिक निगमों के समामेलन के लिए प्रदान किया गया कोई भी कानून इस आधार पर शून्य नहीं माना जाएगा कि वह अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.3) Solution (b)

किसी भी नागरिक को राज्य द्वारा अनुरक्षित या राज्य निधियों से सहायता प्राप्त किसी भी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश से केवल धर्म, मूलवंश, जाति, भाषा या उनमें से किसी के आधार पर वंचित नहीं किया जाएगा।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

सार्वजनिक हित में दो या अधिक निगमों के समामेलन के लिए प्रदान किया गया कोई भी कानून इस आधार पर शून्य नहीं माना जाएगा कि वह अनुच्छेद 14 या अनुच्छेद 19 का उल्लंघन करता है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.4) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. अनुच्छेद 31 A में 9 वीं अनुसूची के बारे में उल्लेख है।
2. अनुच्छेद 39 (c) को प्रभावी करने वाला कोई कानून अनुच्छेद 19 के साथ उल्लंघन के आधार पर शून्य नहीं होगा।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.4) Solution (a)

अनुच्छेद 31 B में 9 वीं अनुसूची के बारे में उल्लेख है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

अनुच्छेद 39 (b) या 39 (c) को प्रभावी करने वाला कोई कानून अनुच्छेद 14 या अनुच्छेद 19 के साथ उल्लंघन के आधार पर शून्य नहीं होगा।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.5) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. अनुच्छेद 32 संविधान की मूल अवसंरचना (basic structure) का एक हिस्सा है।
2. मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार मूल (original) और अनन्य (exclusive) है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1

b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.5) Solution (a)**

सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, अनुच्छेद 32 संविधान की मूल अवसंरचना का एक हिस्सा है।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार मूल है लेकिन अनन्य नहीं है। यह अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के साथ समवर्ती है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.6) राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों (DPSPs) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. इन सिद्धांतों की उत्पत्ति ऑस्ट्रेलियाई संविधान में हुई है।
2. वे देश के शासन में मौलिक (fundamental) हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.6) Solution (b)**

संविधान के निर्माताओं ने इस विचार को 1937 के आयरिश संविधान से लिया था, जिसने इसे मूलतः स्पेनिश संविधान से कॉपी किया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

स्वयं संविधान (अनुच्छेद 37) कहता है कि ये सिद्धांत देश के शासन में मौलिक हैं तथा कानून बनाने में इन सिद्धांतों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.7) निम्नलिखित में से कौन राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित नहीं है?**

a) बालकों के स्वास्थ्य विकास के लिए सुरक्षित अवसर
b) ऐतिहासिक महत्व के स्मारकों, स्थानों और वस्तुओं को सुरक्षित रखना।
c) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना तथा उसकी रक्षा करना।
d) आधुनिक और वैज्ञानिक तर्ज पर कृषि और पशुपालन को व्यवस्थित करना।

**Q.7) Solution (c)**

- अनुच्छेद 39- बालकों के स्वास्थ्य विकास के लिए सुरक्षित अवसर
- अनुच्छेद 48 - आधुनिक और वैज्ञानिक तर्ज पर कृषि और पशुपालन को व्यवस्थित करना
- अनुच्छेद 49- ऐतिहासिक महत्व के स्मारकों, स्थानों और वस्तुओं की रक्षा करना

भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना तथा उसकी रक्षा करना, अनुच्छेद 51 ए (सी) के तहत मौलिक कर्तव्य है।

**Q.8) सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के रिट क्षेत्राधिकार (writ jurisdiction) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. सर्वोच्च न्यायालय का रिट क्षेत्राधिकार उच्च न्यायालय की तुलना में व्यापक है।
2. सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन और अन्य उद्देश्यों के लिए रिट जारी करने का अधिकार दिया गया है।
3. जब किसी नागरिक के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया जाता है, तो प्रभावित पक्ष के पास सीधे उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय जाने का विकल्प होता है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 3
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) केवल 1 और 2

## Q.8) Solution (a)

उच्च न्यायालय का रिट क्षेत्राधिकार (**writ jurisdiction**) सर्वोच्च न्यायालय की तुलना में व्यापक है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

सर्वोच्च न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए ही रिट जारी कर सकता है, न कि अन्य उद्देश्यों के लिए।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

उच्च न्यायालय का रिट क्षेत्राधिकार (अनुच्छेद 226 के तहत) अनन्य नहीं है बल्कि सर्वोच्च न्यायालय के रिट क्षेत्राधिकार (अनुच्छेद 32 के तहत) के साथ समवर्ती है। इसका अर्थ है कि, जब किसी नागरिक के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है, तो पीड़ित पक्ष के पास सीधे उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में जाने का विकल्प होता है।

**इसलिए कथन 3 सही है।**

**Q.9) निम्नलिखित में से किस समिति ने मौलिक कर्तव्यों को संविधान में सम्मिलित करने की अनुशंसा की थी?**

a) न्यायमूर्ति शाह समिति
b) न्यायमूर्ति वर्मा समिति
c) स्वर्ण सिंह समिति
d) फजल अली समिति

## Q.9) Solution (c)

- 1976 में, कांग्रेस पार्टी ने मौलिक कर्तव्यों के बारे में सिफारिशें करने के लिए सरदार स्वर्ण सिंह समिति का गठन किया। समिति ने संविधान में मौलिक कर्तव्यों पर एक अलग अध्याय को शामिल करने की सिफारिश की।
- न्यायमूर्ति शाह समिति का गठन आंतरिक आपातकाल के दौरान सत्ता के दुरुपयोग को देखने के लिए किया गया था।
- न्यायमूर्ति वर्मा समिति को कुछ मौलिक कर्तव्यों के कार्यान्वयन के लिए कानूनी प्रावधानों के अस्तित्व के बारे में देखने के लिए गठित किया गया था।
- राज्य पुनर्गठन आयोग में फ़ज़ल अली, के. एम. पणिक्कर और एच. एन. कुंजरु शामिल थे। इसकी कुछ सिफारिशों को 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम में लागू किया गया था

**Q.10) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. वैज्ञानिक स्वभाव तथा जांच और सुधार की भावना को विकसित करना।
2. लोगों के जीवन स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना।
3. देश की सामासिक संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना तथा संरक्षित करना।

4. भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना तथा उसकी रक्षा करना।

**उपरोक्त में से कौन मौलिक कर्तव्यों के अंतर्गत आता है?**

a) 1, 2 और 3
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1, 3 और 4
d) केवल 2

### Q.10) Solution (c)

**मौलिक कर्तव्य (51A):**

यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा-

- वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद तथा जांच और सुधार की भावना को विकसित करना;
- हमारी सामासिक संस्कृति एवं मूल्यों की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना;
- भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना तथा उसकी रक्षा करना;

**राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत (DPSP)**

- लोगों के जीवन स्तर और पोषण के स्तर को बढ़ाना तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना (अनुच्छेद 47)।

### Q.1) 'हुली वेशा' (Huli Vesha) या 'पीली येसाइस' (Pili Yesais) निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित एक लोक नृत्य है?

a) कर्नाटक
b) तमिलनाडु
c) ओडिशा
d) छत्तीसगढ़

### Q.1) Solution (a)

हुली वेशा या पीली येसाइस तटीय कर्नाटक में प्रसिद्ध एक लोक नृत्य को नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा को सम्मानित करने के लिए प्रदर्शित किया जाता है, जिनका पसंदीदा पशु बाघ है।

**Source: https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1626176**

### Q.2) 'डज़ुकौ घाटी' (Dzukou valley) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. यह मणिपुर और मिज़ोरम के बीच स्थित है।
2. यह एक विलुप्त ज्वालामुखी का क्रेटर आधार (crater base) है।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.2) Solution (b)

मणिपुर और नागालैंड के बीच स्थित डज़ुकौ घाटी जो एक विलुप्त ज्वालामुखी का क्रेटर है तथा सबसे प्रसिद्ध डज़ुकोली (Dzukoulily) केवल इसी क्षेत्र में पाया जाता है।

**सोचिए!**

- सांगति घाटी (Sangti Valley), तवांग
- लोसार महोत्सव
- हॉर्नबिल महोत्सव

**Q.3) 'RTGS' और 'NEFT' भुगतान प्रणाली के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. RTGS ऑनलाइन उच्च-मूल्य लेनदेन के लिए सबसे बड़ा मोड है।
2. RTGS के तहत लेनदेन वास्तविक समय के आधार पर निरंतर संसाधित किए जाते हैं, जबकि NEFT लेनदेन आधे घंटे के अंतराल पर बैचों में संसाधित किए जाते हैं।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.3) Solution (c)**

RBI द्वारा संचालित रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (RTGS) प्रणाली, ऑनलाइन उच्च मूल्य लेनदेन के लिए सबसे बड़ा मोड है। RTGS और NEFT की भागीदारी देश में कुल भुगतान के 90 प्रतिशत से थोड़ा अधिक संयुक्त रूप से है। RTGS के तहत लेनदेन वास्तविक समय के आधार पर निरंतर संसाधित किए जाते हैं, जबकि NEFT लेनदेन आधे घंटे के अंतराल पर बैचों में संसाधित किए जाते हैं।

**Source: https://indianexpress.com/article/explained/india-digital-payments-covid-19-lockdown-6461360/**

**Q.4) 'गेटवे लूनर ऑर्बिट आउटपोस्ट' (Gateway Lunar Orbit outpost) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. यह यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का एक मिशन है।
2. इसे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) को प्रतिस्थापित करने के लिए लॉन्च किया जा रहा है।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.4) Solution (d)**

**नासा का गेटवे लूनर ऑर्बिट आउटपोस्ट' (Gateway Lunar Orbit outpost)**

अनिवार्य रूप से, गेटवे एक छोटा सा अंतरिक्ष यान है जो चंद्रमा की परिक्रमा करेगा, जिसका लाभ अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा और बाद में मंगल के अभियानों के लिए होगा। यह एक अस्थायी कार्यालय और अंतरिक्ष यात्रियों के लिए रहने वाले क्वार्टर के रूप में कार्य करेगा, जो पृथ्वी से लगभग 250,000 मील की दूरी पर होगा।

इसके अतिरिक्त, अंतरिक्ष यात्री प्रति वर्ष कम से कम एक बार गेटवे का उपयोग करेंगे तथा पूरे वर्ष के दौरान नहीं रहेंगे जैसे कि वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर करते हैं।

**Source: https://indianexpress.com/article/explained/explained-what-is-nasas-gateway-lunar-orbiting-outpost-6460219/**

**Q.5) COVID-19 की जांच के लिए, निम्नलिखित में से कौन सा परीक्षण किया जाता है?**

1. RT-PCR
2. एलिसा (ELISA)
3. TrueNat
4. रैपिड एंटीबॉडी (Rapid Antibody)

**सही कूट का चयन करें:**

a) 1, 2 और 3
b) 2, 3 और 4
c) 1, 3 और 4
d) उपरोक्त सभी

**Q.5) Solution (d)**

THE TESTS, THEIR RUNTIME AND THEIR COST



| | RT-PCR | Rapid Antibody | ELISA | TrueNat |
|---|---|---|---|---|
| Use | To diagnose | For surveillance, to detect exposed population | For surveillance, to detect exposed population | To diagnose |
| Time taken to test | 3 hours | 30 minutes | 60 min | 60 min |
| Cost | Earlier capped at at ₹4,500, now no price cap | ₹600 | Not fixed | ₹1,000-1,500 |

**Source:** https://indianexpress.com/article/explained/how-india-tests-for-covid-19-6459048/